प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

डॉ0 संजय कुमार शर्मा,
सहायक प्राध्यापक, एनाटोमी विभाग,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

समीक्षा के दौरान प्रायः यह पाया गया है कि आप यदा – कदा ही विभाग में अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित रहते हैं तथा विभाग में विभागीय एवं शैक्षणिक कार्य में आप अपनी अभिरूचि नही रखते है, जिससे सरकारी कार्य के ससमय सम्पादन में बाधा उत्पन्न होती है । विदित हो कि आपको एम0सी0आई0 से संबंधित कार्य के लिए भी संबंधित विभाग में पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है, परन्तु आपने न ही संबंधित कार्य का ससमय सम्पादन कराया और न ही संबंधित बैठक में उपस्थित हुए, जो सरकारी नियम के प्रतिकूल है एवं कर्त्तव्यहीनता का द्योतक है ।

अतएव आपको अंतिम रूप से स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि आप विभाग में विभागीय एवं शैक्षणिक कार्य सम्पादन में रूचि दिखायें तथा सभी संबंधित कार्य का सम्पादन ससमय करना सुनिश्चित करें ।

ज्ञात हो कि विभागीय मुख्यालय स्तर से प्रोन्नति संबंधी कार्रवाई प्रकियाधीन है, जिसके अन्तर्गत आपके असंतोषप्रद कार्य कलाप को देखते हुए क्यों नही आपके गोपनीय चारित्री एवं PAR मे इसका जिक करते हुए अग्रतर कार्रवाई हेतु सरकार को सूचित किया जाए ।

ह0/–
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः– 1712/18 दिनांकः– 23-07-18
प्रतिलिपिः–
1) विभागाध्यक्ष, एनाटोमी विभाग, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officer/ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
3) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

23/7/18
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर